## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने बढ़ती चिकित्सा लागत की चुनौती से निपटने के लिए लॉन्च की एक नई पॉलिसी - 'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप'

- सुपर टॉप-अप पॉलिसी को किसी भी कंपनी की बेस पॉलिसी में जोड़ने की सुविधा

New Delhi, 26 सितंबर 2024- भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने एक नई पॉलिसी 'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक हेल्थ बीमा टॉप-अप प्लान है, जिसे बुनियादी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के साथ किफायती विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया है। यह प्रॉडक्ट बीमा चाहने वाले लोगों को अपनी मौजूदा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को और बढ़ाने के लिए विकल्प प्रदान करता है, भले ही वह पॉलिसी कॉर्पोरेट हो या व्यक्तिगत। यह ग्राहकों को अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप कवरेज को अपने अनुकूल करने में सक्षम बनाता है, जिससे एक सुविधाजनक और परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित होता है।

देश में जीवनशैली संबंधी बीमारियों के बढ़ने और चिकित्सा से संबंधित लागत में लगभग 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने के साथ, अप्रत्याशित चिकित्सा आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से मैनेज करने के लिए पर्याप्त कवरेज होना अनिवार्य है। आमतौर पर मानक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के माध्यम से यह संभव नहीं हो पाता है।

'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप' पॉलिसी के जरिये लोगों को यह भरोसा मिलता है कि वे किसी भी अप्रत्याशित चिकित्सा स्थिति का बड़ी आसानी के साथ सामना कर सकते हैं। इस योजना में कवरेज की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें 5 लाख से लेकर 4 करोड़ तक की बीमा राशि वाली दो योजनाएं शामिल हैं। पॉलिसी के तहत, दावा तब देय होता है जब आपका प्राथमिक स्वास्थ्य बीमा कवरेज समाप्त हो जाता है या जब खर्च कटौती योग्य राशि से अधिक हो जाता है। यह अतिरिक्त कवरेज की आवश्यकता वाले ग्रुप हेल्थ या रिटेल हेल्थ ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है, साथ ही अपर्याप्त या बिना बीमा वाले शहरी और अर्ध-शहरी आबादी को भी पूरा करता है। इसके अतिरिक्त, यह पॉलिसी उच्च-नेट-वर्थ व्यक्तियों (एचएनआई) या व्यापक बीमा कवरेज चाहने वाले परिवारों की आवश्यकताओं को पूरा करती है।

एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप में अनेक उल्लेखनीय लाभ दिए गए हैं, जिनमें ये शामिल हैं-

- फ्लेक्सिबल वार्षिक एग्रीगेटेड डिडक्टिबल और लॉन्ग-टर्म एग्रीगेटेड डिडक्टिबल विकल्प
- 5 लाख से 4 करोड़ तक की बीमित राशि और 2 लाख से 2 करोड़ तक के डिडक्टिबल विकल्प
- संचयी बोनस (सीबी) दावे के मामले में सीबी में कोई कटौती नहीं

- संबंधित और/या असंबंधित बीमारी/चोट के लिए असीमित रिस्टोर
- प्रतीक्षा अवधि को कम करने का विकल्प
- ग्लोबल कवर
- 3 साल तक के दीर्घकालिक पॉलिसी विकल्प
- 18-35 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए 3,377 रुपये से शुरू होने वाले प्रतिस्पर्धी प्रीमियम।

यह व्यापक सुपर टॉप-अप पॉलिसी अनेक महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान करती है, जिनमें वैश्विक कवरेज, असीमित रिस्टोर और एक संचयी बोनस शामिल है जो दावे के बाद भी बरकरार रहता है और जो आपको समय के साथ बढ़ता हुआ मूल्य प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, प्रतीक्षा अवधि में कमी से अन्य सुविधाओं के साथ-साथ दूसरे फायदों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित होती है। सभी पॉलिसियों पर 5 प्रतिशत की एकमुश्त स्वागत छूट लागू होगी, बशर्ते प्रस्तावक कंपनी से कोटेशन प्राप्त करने के 5 दिनों के भीतर एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप बीमा खरीद ले।

नई पॉलिसी के बारे में और विस्तार से जानकारी देते हुए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के चीफ प्रॉडक्ट और मार्केटिंग ऑफिसर श्री सुब्रमण्यम ब्रह्मजोसुला ने कहा, "चिकित्सा उपचारों की बढ़ती लागत और जीवनशैली से संबंधित बीमारियों के बढ़ते प्रचलन के साथ, व्यापक स्वास्थ्य कवरेज होना अब एक विलासिता नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। एसबीआई जनरल में, हम हमेशा ग्राहकों को ऐसे सरल और किफायती जोखिम सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने में सबसे आगे रहे हैं जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं। 'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप' बीमा पॉलिसी, उन ग्राहकों के लाभ के लिए है जो अपनी मौजूदा बीमा योजना को उचित प्रीमियम दर पर टॉप-अप करना चाहते हैं। यह पॉलिसी व्यक्तियों और परिवारों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गई है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान मन की शांति और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। इस सुपर टॉप-अप पॉलिसी में किसी भी प्रदाता की किसी भी मौजूदा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को सहजता से जोड़ने का अनूठा लाभ मिलता है।' '

**About SBI General Insurance**

SBI General Insurance, one of the fastest-growing private general insurance firms, backed by the robust support of SBI upholds a legacy of trust and security. We position ourselves as India's most trusted general insurer amidst a dynamic landscape. Since our establishment in 2009, our expansion has been substantial, growing from 17 branches in 2011 to a nationwide presence of over 143 branches. In FY 2023-24, SBI General Insurance achieved significant growth, with a notable 17% increase in Gross Written Premium (GWP), reaching INR 12,731 crores.

The company has also received notable accolades including the ‘Domestic General Insurer of the Year’ - India at the Insurance Asia Awards 2023 in Singapore, recognition as one of the Best Brands 2023 at the ET Edge Best Brands events and being honoured as one of the Best BFSI Brands at the ET Now Best BFSI Brands Conclave 2024. We have also received recognition as the runner-up for Highest Growth – General Insurance at the ASSOCHAM 15th Global Insurance Summit & Awards and were named the winner in the ‘Best Large General Insurer’ category at the Mint BFSI Summit & Awards 2023.

With a team of 8,000+ employees and our multi-distribution model covering Bancassurance, Agency, Broking, Retail Direct Channels, and Digital collaborations, we are committed to providing both Suraksha and Bharosa to all our consumers. Leveraging a vast network of over 22,518+ SBI branches, agents, financial alliances, OEMs, and digital partners, we extend our services to even the most remote areas of India. Our offerings cater to Retail, Corporate, SME and Rural segments, and our diverse product portfolio ensures accessibility through both digital and physical channels.